INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Sample Paper 3 (2020-21)

Class: 10 Sub: Hindi (Course-B) Max Marks: 80

Time: 3 hours

***General Instructions:***

1. *All questions are compulsory.*
2. *The question paper consists of* ***…17….*** *questions divided into****…2.*** *Sections.*
3. *There is no overall choice. However, internal choices have been provided.*
4. *This question paper consists of* ***…14…*** *printed pages.*

खंड - अ वस्तुपरक प्रश्न (अंक 40)

अपठित गद्यांश (10 अंक)

प्रश्न 1. नीचे दो गद्यांश दिए गए हैं। किसी एक गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 5×1=5

गद्यांश - I

यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या-1 में दिए गए गद्यांश- I पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं।

"वास्तव में हृदय वही है, जो कोमल भावों और स्वदेश प्रेम से ओत-प्रोत हो । प्रत्येक देशवासी को अपने वतन से प्रेम होता है । चाहे उसका देश सूखा, गर्म या दलदलों से युक्त हो । देश-प्रेम के लिए किसी आकर्षण की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि वह तो अपनी भूमि के प्रति मनुष्य मात्र का स्वाभाविक ममता है। मानव ही नहीं, पशु-पक्षियों तक को अपना देश प्यारा होता है । संध्या को पक्षी अपने नीड़ की ओर उड़े चले जाते हैं । देश-प्रेम का अंकुर सभी में विद्यमान है । कुछ लोग समझते हैं कि मातृभूमि के नारे लगाने से ही देश-प्रेम व्यक्त होता है । दिन-भर वे त्याग, बलिदान और वीरता की कथा सुनाते नहीं थकते; लेकिन परीक्षा की घड़ी आने पर भाग खड़े होते हैं । ऐसे लोग स्वार्थ त्यागकर, जान जोखिम में डालकर देश की सेवा क्यों करेंगे ? आज ऐसे लोगों की आवश्यकता नहीं है ।"

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए:-

उक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(1) देश-प्रेम का क्या अभिप्राय है?

(क) देश का प्यार

(ख) देश के प्रति प्यार

(ग) देश में प्यार

(घ) देश और प्यार

(2) सच्चा देश-प्रेमी कौन होता है?

(क) जो अपने वतन से प्रेम करता है

(ख) मातृभूमि के नारे लगाता है

(ग) जो स्वार्थ त्यागकर, जान जोखिम में डालकर देश की सेवा

(घ) परीक्षा की घड़ी आने पर भाग खड़ा होता है

(3) किस-किस में देश-प्रेम का अंकुर विद्‌यमान है?

(क) इंसानों में

(ख) पक्षियों में

(ग) पशुओं में

(घ) सब में

(4) संध्या समय पक्षी अपने घोंसलों में वापस क्यों चले जाते हैं?

(क) वैसे ही

(ख) सोने

(ग) खाने

(घ) देश-प्रेम के कारण

(5) ‘विद्‌यमान’ का पर्याय शब्द बताएँ ?

(क) जोखिम

(ख) परीक्षा

(ग) मौजूद

(घ) व्यक्त

*__अथवा__* गद्‌यांश-II

यदि आप इस गद्‌यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या-1 में दिए गए गद्‌यांश- II पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं।

साहित्य समाज का दर्पण है। इसका संबंध व्यष्टि से न होकर समष्टि है क्योंकि समाज में जो आचार-विचार, वेशभूषा, नीति-मर्यादा प्रचलन में होती है उसका प्रत्यक्ष प्रभाव साहित्य पर अवश्य पडता है। चाहे वह किसी भी काल का प्रतिनिधित्व क्यों न करता हो। इस प्रकार साहित्य सामाजिक उन्नति से भी प्रभावित होता है और सामाजिक उन्नति को प्रभावित करने की सामर्थ्य भी रखता है । विद्‌वानों ने इस संदर्भ में कहा है- “साहित्य संगीत, कला विहीनः साक्षात्

पशु पुच्छ विषाण हीनः"। वाल्तेयर ने साहित्य को समाज का आदर्श गुरु माना है, जो अपने मार्ग-दर्शन से प्रत्येक आयु वर्ग के व्यक्ति को आदर्श का मार्ग दिखलाता है। जब तक साहित्य में समाज का स्पन्दन होता रहता है, वह अमर एवं सजीव साहित्य कहलाता है । किंतु जिस साहित्य में अश्लीलता, काल्पनिकता एवं अव्यावहारिकता है, वह साहित्य समाज का सच्चा प्रतिनिधित्व नहीं करता ।

मध्यकालीन साहित्य मनुष्य के संघर्ष, उसकी चाटुकारिता, मनुष्य के पतन की पराकाष्ठा एवं जातीय संघर्ष को मुखरित करता है, जबकि आधुनिक साहित्य जड़ परम्पराओं को त्यागने, प्रतिस्पर्धा में स्वयं के आगे निकलने एवं अपनी सांस्कृतिक पहचान को बचाये रखने के जीवट संघर्ष का समीचीन प्रतीक है । सच तो यह है कि साहित्य एक ओर समाज को अपने लेखन का आधार बनाता है । इतिहास का मौलिक परिष्कार, संस्कार एवं सुकाल्पनिक विन्यास ही साहित्य है । जिस समाज या राष्ट्र का साहित्य पतन की ओर अग्रसर है, वहाँ की युवा पीढ़ी का भविष्य भी शोचनीय है ।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए:-

(1) मध्यकालीन साहित्य समाज की किस विशेषता का प्रतिनिधित्व करता है?

(क) आधुनिक साहित्य

(ख) मनुष्य के संघर्ष, उसकी चाटुकारिता

(ग) सुकाल्पनिक विन्यास

(घ) काल्पनिकता एवं अव्यावहारिकता

(2) युवा पीढ़ी का भविष्य किस पर निर्भर करता है?

(क) देश पर

(ख) वीरता पर

(ग) साहित्य पर

(घ) काल्पनिकता पर

(3) अमर साहित्य कहलाने का सच्चा हकदार कौन-सा साहित्य है?

(क) जो परम्पराओं को त्यागता है

(ख) अव्यावहारिकता से पूर्ण

(ग) जो नष्ट नहीं होता

(घ) जिसमें साहित्य में समाज का स्पन्दन होता रहता है

(4) समाज का आदर्श गुरु कौन है?

(क) परंपरा

(ख) वेश-भूषा

(ग) साहित्य

(घ) समय

(5) पतन का विलोम शब्द क्या है?

(क) उत्थान

(ख) अंकुरित

(ग) नीड़

(घ) धैर्य

प्रश्न 2. नीचे <u>दो</u> गद्यांश दिए गए हैं। किसी <u>एक</u> गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 5×1=5

गद्यांश - I

यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या-2 में दिए गए गद्यांश- I पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं।

मानव जीवन में आत्मसम्मान का अत्यधिक महत्व है। आत्मसम्मान में अपने व्यक्तित्व को अधिकाधिक सशक्त एवं प्रतिष्ठित बनाने की भावना निहित होती है। इससे शक्ति, साहस, उत्साह आदि गुणों का जन्म होता है जो जीवन की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आत्मसम्मान की भावना से पूर्ण व्यक्ति संघर्षों की परवाह नहीं करता है और हर विषम परिस्थिति से टक्कर लेता है। ऐसे व्यक्ति जीवन में पराजय का मुँह नहीं देखते तथा निरंतर यश की प्राप्ति करते हैं। आत्मसम्मानी व्यक्ति धर्म, सत्य, न्याय और नीति के पद का अनुगमन करता है । उसके जीवन में ही सच्चे सुख और शांति का निवास होता है। परोपकार, जनसेवा जैसे कार्यों में उसकी रुचि होती है। लोकप्रियता और सामाजिक प्रतिष्ठा उसे सहज ही प्राप्त होती है। ऐसे व्यक्ति में अपने राष्ट्र के प्रति सच्ची निष्ठा होती है तथा मातृभूमि की उन्नति के लिए वह अपने प्राणों को उत्सर्ग करने में सुख की अनुभूति करता है। क्योंकि आत्मसम्मानी व्यक्ति अपनी अथवा दूसरों की आत्मा का हनन नहीं करता है, इसलिए वह ईर्ष्या-द्वेष जैसी भावनाओं से मुक्त होकर मानव मात्र को अपने परिवार का अंग मानता है। उसके हृदय में स्वार्थ,लोभ और अहंकार का भाव नहीं होता । निश्चल हृदय होने के कारण वह आसुरी प्रवृत्तियों से सर्वथा मुक्त होता है।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए:-

1. जीवन में उन्नति का मार्ग इनमें से कौन मज़बूत करता है?

| | |
|---|---|
| (क) स्वार्थ,अहंकार ,मोह | (ख) विजय, न्याय, सत्य |
| (ग) उत्साह, शक्ति, साहस | (घ) घमंड, लालच, कुटिलता |

2. आत्मसम्मान रखने वाले व्यक्ति निरंतर किस की प्राप्ति करते हैं?

(क) धन की (ख) परोपकार की

(ग) यश की (घ) अपनत्व की

3. आत्मसम्मानी व्यक्ति मातृभूमि की उन्नति के लिए क्या करता है?

(क) धन देता है (ख) अपना जीवन कुर्बान कर देता है

(ग) अपना सुख त्याग देता है (घ) अपने तथा पराएपन की भावना त्याग देता है

(4) आत्मसम्मानी व्यक्ति के हृदय में इनमे से कौन-सा भाव नहीं होता है?

(क) शक्ति (ख) साहस

(ग) उत्साह (घ) लोभ

(5) आत्म-सम्मानी व्यक्ति किस तरह का होता है?

(क) दूसरों की आत्मा का हनन ना करने वाला (ख ) ईर्ष्या-द्वेष से मुक्त निश्चल आदमी

(ग) लोभ,स्वार्थ, अहंकार से रहित (घ) उपर्युक्त सभी

*अथवा* गद्यांश-II

यदि आप इस गद्यांश का चयन करते हैं तो कृपया उत्तर-पुस्तिका में लिखें कि आप प्रश्न संख्या-2 में दिए गए गद्यांश- II पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिख रहे हैं।

गोविंदवल्लभ पंत को वर्तमान उत्तर प्रदेश का पिता कहा जा सकता है। सन 1946 में जब कांग्रेस ने चुनावों में भाग लेने का निश्चय किया तो पंत बरेली से विधानसभा के लिए चुने गए थे। वे सर्वसम्मति से चुने गए नेता थे। समय कठिन था। सांप्रदायिकता, बेरोज़गारी और काला कालाबाज़ारी का बोलबाला था। पंडित पंत ने दृढ़ता से इन समस्याओं का सामना किया। उचित मूल्य की दुकानें खोली गई और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए एक अलग विभाग खोला गया। कानून और व्यवस्था की समस्या से भी निपटा गया। पंत ने ही प्रदेश के यूनाइटेड प्रोविंस नाम को बदलकर नया नाम उत्तर प्रदेश दिया। जब उनका कार्यकाल आरंभ हुआ तो ढेर सारी समस्याओं का समाधान करीब-करीब असंभव-सा ही लगता था। विभाजन के कारण सांप्रदायिक दंगों ने प्रचंड रूप ले लिया था। पंत ने दंगाग्रस्त स्थानों का अनथक रूप से दौरा किया। उन्होंने लोगों से शांति रहने की अपील की तथा स्थिति को नियंत्रण में लाने में सफल हुए। यू.पी जैसे पिछड़े और भारी जनसंख्या वाले प्रांत का प्रशासन चुनौतीपूर्ण था । विशेषत: उस संधि-काल समय में जब राष्ट्र उपनिवेश से राष्ट्रीय सरकार में परिवर्तित हो रहा था । पंत का प्रयास था कि जनसाधारण की दशा में सुधार हो। उन्होंने जमींदारी प्रथा को, जिसने किसानों का शोषण किया था, सन 1952 में समाप्त करके अपना सपना साकार किया।

निम्नलिखित में से निर्देशानुसार <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए:-

(1) गोविंदवल्लभ पंत को उत्तर प्रदेश का पिता क्यों कहा गया है?

(क) वे सबसे अधिक उम्र के व्यक्ति थे

(ख) उत्तर प्रदेश से ही उन्हें विधानसभा में जाने का अवसर मिला था

(ग) उन्होंने इसे उत्तर प्रदेश नाम देकर विकास के पथ पर अग्रसर किया

(घ) उन्होंने कठिन समय में चुनाव लड़ा

(2) आरंभ में पंत को किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ा?

(क) महँगाई और अशिक्षा (ख) गरीबी और अशिक्षा

(ग) सांप्रदायिकता बेरोज़गारी और कालाबाजारी (घ) बेरोजगारी और जनसंख्या वृद्धि

(3) उत्तर प्रदेश का पुराना नाम क्या था?

(क) यूनाइटेड स्टेट्स (ख) यूनाइटेड प्रोविंस

(ग) अवध प्रांत (घ) संयुक्त प्रांत

(4) सांप्रदायिक दंगों के भड़कने का क्या कारण था?

(क) दो विभिन्न धर्म के लोगों की कट्टरता (ख) देश में फैली सांप्रदायिकता

(ग) देश का विभाजन (घ) विभिन्न धर्म के लोगों को एक दूसरे के विरुद्ध भड़काना

(5) गोविंदवल्लभ पंत का सपना क्या था

(क) आम आदमी की दशा में सुधार (ख) गाँवों का विकास

(ग) जमींनदारी की समाप्ति (घ) किसान की फसलों को उचित लाभ

## व्यावहारिक व्याकरण (16 अंक)

प्रश्न 3. निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए:- **4×1=4**

1. वामीरो बहुत भावुक लड़की थी । रेखांकित में पद है-

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध

(घ) क्रिया-विशेषण पदबंध

2. वे कक्षा में लगातार पढ़ते रहे । रेखांकित में क्रिया -पदबंध है-

(क) वे

(ख) कक्षा में

(ग) लगातार

(घ) पढ़ते रहे

3. घर के सामने वाला बोर्ड टूट गया । रेखांकित में पदबंध है-

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध

(घ) क्रिया-विशेषण पदबंध

4. जब शब्दों का प्रयोग वाक्य में होता है तो उसे ----------- कहते हैं ।

(क) अर्थ

(ख) पद

(ग) व्याकरण

(घ) स्वर

5. छोटे बच्चे <u>चलते-चलते</u> गिर पड़ते हैं ।

(क) संज्ञा पदबंध

(ख) सर्वनाम पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध

(घ) क्रिया-विशेषण पदबंध

प्रश्न 4. निम्नलिखित <u>पाँच</u> भागों में से किन्हीं <u>चार</u> भागों के उत्तर दीजिए:- **4×1=4**

1. 'थाली आई और खाना बंटने लगा 'में वाक्य-रचना दृष्टि से कौन-सा वाक्य है-

(क) सरल वाक्य

(ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य

(घ) साधारण वाक्य

2. 'दीपक स्कूल गया । उसने वहाँ परीक्षा दी' का संयुक्त वाक्य होगा-

(क) 'दीपक ने स्कूल जाकर परीक्षा दी' ।

(ख) 'दीपक स्कूल गया और उसने वहाँ परीक्षा दी' ।

(ग) 'जब दीपक स्कूल गया तब उसने वहाँ परीक्षा दी' ।

(घ) 'दीपक स्कूल गया पर उसने वहां परीक्षा दी' ।

3 निम्न में मिश्र वाक्य है-

(क) जब घंटी बजी तब विद्‌यार्थी स्कूल आ गए ।

(ख) घंटी बजी और विद्‌यार्थी स्कूल आ गए ।

(ग) घंटी बजते ही विद्‌यार्थी स्कूल आ गए ।

(घ) घंटी बजने पर तब विद्‌यार्थी स्कूल आ गए ।

4 रचना की दृष्टि से वाक्य के भेद हैं ।

(क) चार

(ख) तीन

(ग) दो

(घ) आठ

5. उसने कहा कि मैं शादी पर अवश्य जाऊँगा । रेखांकित आश्रित उपवाक्य का नाम बताइए -

(क) संज्ञा उपवाक्य

(ख) विशेषण उपवाक्य

(ग) क्रियाविशेषण उपवाक्य

(घ) साधारण वाक्य

प्रश्न 5. निम्नलिखित पाँच भागों में से किन्हीं चार भागों के उत्तर दीजिए:- 4×1=4

1. 'दहीबड़ा' में कौन-सा समास है ?

(क) कर्मधार्य समास

(ख) तत्पुरुष समास

(ग) बहुव्रीहि समास

(घ) अव्यवीभाव समास

2. 'भारतवासी' समस्तपद का विग्रह होगा?

(क) भारत पर वासी

(ख) भारत का वासी

(ग) भारत में वासी

(घ) भारत के लिए वासी

3 'नीला है जो अंबर' का समस्तपद होगा-

(क) नीलांबर

(ख) निलांबर

(ग) नीलंबर

(घ) नीलाम्बर

4. 'पाप-पुण्य' का समास बताएँ

(क) कर्मधार्य समास

(ख) तत्पुरुष समास

(ग) द्विगु समास

(घ) अव्यवीभाव समास

5. 'चौमासा' का समास बताएँ-

(क) कर्मधार्य समास

(ख) तत्पुरुष समास

(ग) द्विगु समास

(घ) अव्यवीभाव समास

प्रश्न 6 निम्नलिखित **चारों** भागों के उत्तर दीजिए:- 4×1=4

1. अमन को कुछ कहने का फायदा नहीं, क्यों कि जो भी हो जाए उसके ---------- ।
   (क) आम के आम,गुठलियों के दाम हैं
   (ख) पैरों पर खड़े होना है
   (ग) कानों पर जूँ नहीं रेंगती
   (घ) कान का कच्चा है

2. उसकी बात सुनकर मधु--------।
   (क) लाल-पीली होने लगी
   (ख) ईद का चाँद हो गई
   (ग) अंतिम साँसे गिनने लगी
   (घ) हँसने लगी

3. मेरा बेटा आशु मेरी------ है ।
   (क) रुह का सुकून
   (ख) नौ-दो ग्यारह है
   (ग) इकलौता बेटा है
   (घ) बहुत समझदार है

4. अब उसके-----------वक्त आ गया है ।
   (क) घूमने
   (ख) हाथ पीले करने का
   (ग) तारे तोड़कर लाने का
   (घ) घर सिर पर उठाने का

## खंड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न (अंक 40)

### पाठ्य-पुस्तक (14 अंक)

प्रश्न-7.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के **सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्पों का चयन कीजिए:- 4×1=4

राह कुर्बानियों की न वीरान हो
तुम सजाते ही रहना नए काफ़िले
फतह का जश्न इस जश्न के बाद है
जिंदगी मौत से मिल रही है गले
बाँध लो अपने सर से कफन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो

1 ‘फतह’ का क्या अर्थ है-

(क) जीत

(ख) लालसा

(ग) जश्न

(घ) मौत

2. कौन-से काफिले की बात कही गई है-

(क) मौत के काफिले की

(ख) कुर्बानियों के काफिले की

(ग) ज़िंदगी के काफिले की

(घ) फतह के काफिले की

3. ‘साथियो’ शब्द किसके लिए इस्तेमाल किया गया है-

(क) दुश्मनों के लिए

(ख) शहीदों के लिए

(ग) सैनिकों के लिए

(घ) देशवासियों के लिए

4. यह गीत किस फिल्म के लिए लिखा गया-

(क) फिल्म ‘यथार्थ’ के लिए

(ख) फिल्म ‘हकीकत’ के लिए

(ग) फिल्म ‘फतह’ के लिए

(घ) फिल्म ‘सागर’ के लिए

प्रश्न-8.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के **<u>सर्वाधिक उपयुक्त</u>** विकल्पों का चयन कीजिए:-5×1=5

लेखक कहता है कि ग्वालियर से बंबई के बीच समय के साथ काफी बदलाव हुए हैं। वर्सोवा में जहाँ लेखक का घर हैए वहाँ लेखक के अनुसार किसी समय में दूर तक जंगल ही जंगल था। पेड़.पौधे थेए पशु.पक्षी थे और भी न जाने कितने जानवर थे। अब तो यहाँ समुद्र के किनारे केवल लम्बे.चौड़े गाँव बस गए हैं। इन गाँव ने न जाने कितने पशु.पक्षियों से उनका घर छीन लिया है। इन पशु.पक्षियों में से कुछ तो शहर को छोड़ कर चले गए हैं और जो नहीं जा सके उन्होंने यहीं कहीं पर अस्थाई घर बना लिए हैं। अस्थाई इसलिए क्योंकि कब कौन उनका घर तोड़े कर चला जाये कोई नहीं जनता। इन में से ही दो कबूतरों ने लेखक के फ्लैट में एक ऊँचे स्थान पर अपना घोंसला बना रखा है। उनके बच्चे अभी छोटे हैं। उनके पालन पोषण की जिम्मेवारी उन बड़े कबूतरों की थी। बड़े कबूतर दिन में बहुत बार उन छोटे कबूतरों को खाना

खिलाने आते जाते रहते थे। और आए.जाए क्यों न यहाँ उनका भी तो घर था। लेकिन उनके आने.जाने के कारण लेखक और लेखक के परिवार को बहुत परेशानी होती थी। कभी कबूतर किसी चीज़ से टकरा जाते थे और चीज़ों को गिराकर तोड़ देते थे। कभी लेखक की लाइब्रेरी में घुसकर कबीर और मिर्ज़ा ग़ालिब की पुस्तकों को गिरा देते थे। इस रोज़.रोज़ की परेशानी से तंग आ कर मेरी पत्नी ने उस जगह जहाँ उनका आशियाना थाए एक जाली लगा दी हैए उनके बच्चों को दूसरी जगह कर दिया है। उनके आने की खिड़की को भी बंद किया जाने लगा है।

1. लेख के लेखक का नाम बताएँ -
   - (क) निदा फाज़ली
   - (ख) मोहन भंडारी
   - (ग) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
   - (घ) अंतोव चेखोव

2. समुद्र के किनारे क्या बस गए हैं ?
   - (क) इमारतें
   - (ख) लंबे-चैड़े गाँव
   - (ग) सड़कें
   - (घ) मॉल

3. लेखक की पत्नी ने कबूतरों का क्या उपाय निकाला ?
   - (क) घोंसला तोड़ने का
   - (ख) कबूतरों को उड़ाने का
   - (ग) खिड़की पर जाली लगाने का
   - (घ) शहर बदलने का

4 छोटे कबूतरों को खाने-पिलाने की ज़िम्मेदारी किसकी थी ?
   - (क) लेखक की पत्नी की
   - (ख) लेखक की
   - (ग) बड़े कबूतरों की
   - (घ) किसी की

5 'आशियाना' का अर्थ है ?

(क) घर (ख) स्कूल

(ग) जंगल (घ) मंच

प्रश्न-9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के **सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्पों का चयन कीजिए:-5×1=5

मेरे भाई साहब मुझ से पाँच साल बड़े, लेकिन केवल तीन दर्जे आगे। उन्होंने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था, जब मैंने शुरू किया लेकिन तालीम जैसे महत्त्व के मामले में वह जल्दबाज़ी से काम लेना पसंद ना करते थे। इस भवन की बुनियाद को मज़बूत डालना चाहते थे, जिस पर आलीशान महल बन सकें। एक साल का काम दो साल में करते थे। कभी-कभी तीन साल भी लग जाते थे। बुनियाद ही पुख्ता ना हो तो, मकान कैसे पाएदार बने। मैं छोटा था, वह बड़े थे। मेरी उम्र नौ साल की थी,वे चौदह साल के थे। उन्हें मेरी तम्बीह और निगरानी का पूरा जन्मसिद्ध अधिकार था और मेरी शालीनता इसी में थी कि उनके हुक्म को कानून समझूँ।

उक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(1) पाठ व लेखक का नाम बताइए।

(क) बड़े भाई साहब मन्नु भंडारी

(ख) बड़े भाई साहब महादेवी वर्मा

(ग) बड़े भाई साहब प्रेमचंद

(घ) बड़े भाई साहब निदा फ़ाज़ली

(2) कथानायक के भाई और उसकी आयु में कितने वर्षों का अंतर था ?

(क) आठ

(ख) दो

(ग) चार

`(घ) पाँच

(3) शिक्षा के संबंध में भाई साहब के क्या विचार थे?

(क) भाई साहब के विचार शिक्षा प्राप्त करने में जल्दबाज़ी करनी चाहिए।

(ख) भाई साहब के विचार शिक्षा प्राप्त करने में जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए।

(ग) उपर्युक्त दोनों

(घ) इनमें से कोई नहीं

(4) बड़े भाई साहब एक श्रेणी में कितने साल लगाते थे ?

(क) दो और कभी-कभी तीन

(ख) चार

(ग) एक

(घ) इनमें से कोई नहीं

(5) कथा नायक कहाँ रहता था?

(क) घर

(ख) होस्टल

(ग) नाना के घर

(घ) दोस्त के घर

## खंड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न (अंक 40)

### पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक (अंक 14)

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए:- 2×2=4

(1) बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताएँ बताएँ।

(2) निकोबार के लोग ततााँरा को क्यों पसंद करते थे?

(3) अरब में लशकर को नूह के नाम से क्यों याद करते हैं?

प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए:- 1×4=4

मनुष्यता कविता का प्रतिपाद्य लिखिए ।

प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए:- 2×3=6

(1) हरिहर काका के गाँव में यदि मिडिया की पहुँच होती तो उनकी क्या स्थिति होती?

(2) लेखक अपने छात्र जीवन में स्कूल से छुट्टयों में मिले काम को पूरा करने के लिए क्या-क्या योजनाएँ बनाया करता था और उसे पूरा न कर पाने की स्थिति में किसकी भाँति 'बहादुर' बनने की कल्पना किया करता था?

(3) 'अम्मी' शब्द पर टोपी के घरवालों की क्या प्रतिक्रिया हुई?

प्रश्न-13.निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:-

(क) समय का महत्व- *समय लौट कर वापिस नहीं आता *एक-एक क्षण का सदुपयोग *सफलता की कुंजी *उपसंहार

(ख) आदर्श विद्यार्थी- *विद्यार्थी का अर्थ *अनुशासित एवं नियमित जीवन *सादा जीवन उच्च विचार

(ग) लड़का-लड़की एक समान- *लड़का-लड़की दोनों ही भगवान का वरदान *एक-दूसरे के पूरक *समाज की धारणा बदलने की आवश्यकता

प्रश्न 14 प्राचार्य को पत्र लिखिए जिसमें पुस्तकालय में हिंदी संबंधी पुस्तकें उपलब्ध कराने की प्रार्थना की हो । 1×5=5

अथवा

अपने मुहल्ले में सार्वजनिक नल लगवाने के लिए नगर निगम अधिकारी को पत्र लिखें ।

प्रश्न 15 विद्यालय में नृत्य-नाटिका के अभ्यास की शुरुआत की सूचना लिखें । 1×5=5

अथवा

आपके विद्यालय परिसर में नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। प्रधानाचार्य की ओर से एक सूचना तैयार कीजिए।

प्रश्न 16 बाज़ार में आई नई पेंसिल का विज्ञापन लिखिए । 1×5=5

अथवा

आपके बड़े भाई ने चाँदनी बाज़ार,मेरठ में 'मंगलकारी आभूषण भंडार' के नाम से दुकान खोली है। उसके लिए 25-50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न-17. 'कर भला हो भला ' – विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए। 1×5=5

*अथवा*

'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती'– विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए।